Regarding easing movement of locals and tourists on Jammu?Srinagar Highway-laid

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी (श्रीनगर) : मैं सरकार का ध्यान जम्मू श्रीनगर नेशनल हाईवे पर जगह-जगह लगने वाली कॉनवॉय और छोटी-छोटी आर्म्ड फोर्सज की मूवमेंट के चलते आम ट्रैफिक को बार-बार रोके जाने और इस वजह से इस हाइवे पर चलने वाले पैसेंजर को होने वाली परेशानियों की तरफ दिलाना चाहता हूँ। कई बार बहुत सीरियस पेशेंट की कर और एंबुलेंस भी एक छोटी सी और फोर्स की मूवमेंट की वजह से रोक दी जाती है जिसकी वजह से पेशेंट की हालत बहुत सीरियस हो जाती है और अस्पताल जाते-जाते मृत्यु भी हो जाती है। इसका शिकार वह स्टूडेंट भी हो जाते हैं जो जरूरी एग्जाम देने जा रहे होते हैं। इस नेशनल हाईवे पर इस तरह की बहुत शिकायतें आ रही है और पैसेंजर और टूरिस्ट बहुत परेशानी महसूस कर रहे हैं। माननीय अध्यक्ष से गुजारिश है कि वे अपने लेवल से जम्मू श्रीनगर हाईवे पर लगने वाली कॉनवॉय और जगह-जगह आम ट्रैफिक को ना रोके जाने की कार्रवाई सरकार से करवाने की गुजारिश करें इस जरूरी काम के लिए मैं और वहां के पैसेंजर आपकी बहुत-बहुत शुक्रगुजार होंगे।